हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया

04.12.2018

66 छात्र-छात्राओं को 25 लाख तक का पैकेज

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू में चल रहे कैंपस प्लेसमेंट के तीसरे दिन सोमवार को पहले चरण में 66 छात्र-छात्राओं को ऑफर लेटर मिले। इसमें न्यूनतम आठ लाख और सर्वाधिक 25 लाख 91 हजार का पैकेज है। संस्थान के आर्यभट्ट छात्रावास में चल रहा कैंपस प्लेसमेंट 20 दिसंबर तक चलेगा।

सुबह आठ बजे से शुरू हुई प्रक्रिया में 30 कंपनियों ने दो चरणों में ऑनलाइन टेस्ट, ग्रुप डिस्कशन और साक्षात्कार के माध्यम से अभ्यर्थियों का चयन किया।

दूसरे चरण में चयनित अभ्यर्थियों को मंगलवार की सुबह ऑफर लेटर मिलेगा।

कैंपस प्लेसमेंट

- बीएचयू आईआइटी के आर्यभट्ट छात्रावास में चल रहा है इंटरव्यू
- तीन दिन में 87 कंपनियां कर चुकी हैं अभ्यर्थियों का चयन

पहले चरण में टाटा स्टील, रियालंस जियो और मारुति ने लिए इंटरव्यू

तीसरे दिन पहले चरण में सुबह आठ बजे रिलायंस जियो, सिनोप्सिस, इलास्टिक रन, सेपियंट, वेरिटास, टाटा स्टील, सिटी पुणे, फायर आई, रिलायंस जियो (एसडीई), यूलर, माईकर्मा, सैमसंग दिल्ली, मारुति, आईथ्री नेटवर्क, मैथवर्क कंपनियों ने छात्र-छात्राओं को आठ लाख से 25 लाख 91 हजार के सालाना पैकेज ऑफर किये।

दूसरे चरण में टेस्को, टीसीएस व फ्लिपकार्ट ने लिए इंटरव्यू

दूसरे चरण में टेस्को, टीसीएस, साइट्रिक्स, एसआरआईएन, मंत्रा बीडीए, मॉर्गन स्टेनले, पेयपल, फिडली इन्वेस्टमेंट, ओयो रूम्स, फ्लिपकार्ट, टाइम्स इंटरनेट, एजवर्व सर्विसनॉउ ने 12 लाख से 25 सालाना पैकेज ऑफर किए। तीन दिन के कैंपस प्लेसमेंट में अब तक 87 कंपनियां इंटरव्यू ले चुकी हैं।